कार्रवाई | बांधवगढ़ में वन्यजीव शिकार पर बड़ी कार्रवाई, पका हुआ मांस, खून लगी बोरी जब्त

जंगली सुअर के शिकार मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार



वन विभाग को मिली महत्वपूर्ण सामग्री

मौके के निरीक्षण एवं तलाशी के दौरान वन अमले को पकाया हुआ मांस, हंसिया, कढ़ाई, अन्य बर्तन तथा खून लगी बोरी सहित अन्य महत्वपूर्ण सामग्री मिली। वन विभाग द्वारा सभी सामग्री को विधिवत जब्त कर प्रकरण में महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में सुरक्षित किया गया है।

मानपुर नवभारत 1 सितंबर। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मानपुर बफर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिजौरी के पटपरहा टोला में जंगली सुअर के अवैध शिकार के मामले में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

वन विभाग की त्वरित कार्रवाई और जांच के बाद सभी आरोपियों को सोमवार को मानपुर न्यायालय में पेश किया गया, जहां न्यायिक दंडाधिकारी ने आरोपियों की जमानत याचिका निरस्त करते हुए उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश दिए।

पटपरहा टोला क्षेत्र में दी दबिश

जानकारी के अनुसार, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम बिजौरी के पटपरहा टोला क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों द्वारा जंगली सुअर का अवैध शिकार किया गया है तथा उसके मांस को पकाने की तैयारी की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वन परिक्षेत्र अधिकारी मानपुर बफर अंकित सोनी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में वन विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई की योजना बनाई और संबंधित स्थान पर दबिश दी।

मौके से तीन आरोपी पकड़े गए

वन विभाग के अमले द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान मौके से विनोद बैगा, प्रेमलाल बैगा एवं छल्लु बैगा को पकड़ा गया। इसके बाद आरोपियों से नियमानुसार पूछताछ करते हुए मामले की विस्तृत जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान प्रकरण से जुड़े अन्य आरोपियों की पहचान होने पर उधेलाल बैगा एवं मुकेश चौधरी को भी गिरफ्तार किया गया।

वन्यजीव संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

वन विभाग की इस कार्रवाई को वन्यजीव संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में वन्यजीवों के अवैध शिकार पर अंकुश लगाने के लिए वन अमले द्वारा लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। जंगली सुअर के अवैध शिकार के इस मामले में कार्रवाई को अंजाम देने में वन परिक्षेत्र अधिकारी मानपुर बफर अंकित सोनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कसेरू गांव के खेत में फिर घुसा जंगली हाथी

ग्रामीणों और वन विभाग की टीम ने जंगल की ओर खदेड़ा



नवभारत चिल्हारी 1 सितंबर। जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पतौर परिक्षेत्र मे बीती देर रात एक जंगली हाथी कसेरू गांव के मिलन सिंह के मक्के के खेत में घुस गया। ग्रामीणों और बीटीआर टीम ने मिलकर शोर मचाकर और पटाखे फोड़कर हाथी को जंगल की ओर खदेड़ दिया।

बता दें कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में जंगली हाथियों ने अपना स्थायी ठिकाना बना लिया है। कोर और बफर क्षेत्रों में हाथियों की आवाजाही लगातार बनी रहती है। बारिश के मौसम में धान, दलहन और तिलहन की फसलें बोई गई हैं,जिससे खेतों मे हाथियों के आने का खतरा बढ़ गया है।हाथी के खेत में घुसने की सूचना मिलते ही पतौर परिक्षेत्र की टीम ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंची। शोर मचाने, बम-पटाखे फोड़ने और ट्रैक्टर की आवाज का इस्तेमाल कर हाथी को सफलतापूर्वक जंगल की ओर खदेड़ा गया।

वन विभाग की टीम कर रही लगातार निगरानी

परिक्षेत्र अधिकारी राहुल किरार ने बताया कि इस समय टेढ़े दांत वाले एक हाथी की आवाजाही कसेरू से सटे जंगल में देखी जा रही है। टीम गांव और आसपास के क्षेत्र मे लगातर निगरानी की जा रही है। उन्होंने स्वीकार किया कि बारिश के मौसम मे निगरानी में थोड़ी दिक्कतें आती हैं, लेकिन ग्रामीणों का सहयोग इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कला संकाय के विद्यार्थियों ने लैपटाप एवं स्कूटी योजना में बाजी मारी



नवभारत चिल्हारी 1 सितंबर। जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम महरोई के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कक्षा 12वीं में कुल दर्ज छात्र संख्या 31 रही, जिसमें कला संकाय एवं संस्कृत विषय के 6 छात्रों में शिवराज यादव ने 86.2 प्रतिशत एवं लवकुश जैसवाल ने 84 प्रतिशत तथा मोहित यादव ने 82.2 प्रतिशत, शिवम सेन ने 78.40 प्रतिशत, सुरूचि यादव ने 76 तथा दुर्गा चौधरी ने 75.6 प्रतिशत अंक अर्जित किए।

बता दें कि मध्यप्रदेश के मेघावी छात्रों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के लिए राज्य सरकार प्रतीभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत आर्थिक सहायता देती है योजना के तहत कक्षा 12वीं की परीक्षा में प्रथम प्रयास में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को यह प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

विद्यालय के प्राचार्य बीरेंद्र कुमार मिश्रा के प्रशिक्षण के पश्चात विद्यालय के छात्रों ने यह सफलता हासिल की है।

शौचालय की राशि हड़पने पर सरपंच को जेल

सीईओ जिला पंचायत न्यायालय का आदेश

डिंडौरी नवभारत 1 सितंबर। ग्राम पंचायत में सार्वजनिक शौचालय की राशि हड़पने के आरोप में ग्राम पंचायत रकरिया के सरपंच शिवनंदन सिंह उइके को 30 के कारावास का दंड दिया गया है। मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के प्रावधानों के तहत सीईओ जिला पंचायत न्यायालय ने उक्त आदेश जारी किए हैं।

प्रकरण के अनुसार प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत वर्ष 2017-18 में पोषक ग्राम सूरजपुरा में ग्राम चौपाल एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृत 2-2 लाख 50 हजार रुपये की राशि के विरुद्ध कुल 5 लाख रुपये का आहरण किया गया था। जांच में दोनों निर्माण कार्य कराए बिना राशि आहरित किए जाने की वित्तीय अनियमितता सामने आई। पूर्व सचिव द्वारा 2 लाख 50 हजार रुपये जमा किए जा चुके हैं, जबकि पूर्व सरपंच द्वारा 50 हजार रुपये जमा किए गए। शेष राशि की वसूली के लिए धारा-92 के तहत प्रकरण क्रमांक 303/2025-26 पंजीबद्ध कर पर्याप्त समय दिए जाने के बावजूद राशि जमा नहीं की गई। विचारण उपरांत 29 जनवरी को अंतिम आदेश जारी कर 15 दिवस के भीतर निर्धारित राशि शासन कोष में जमा करने के निर्देश दिए गए थे। निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं किए जाने पर विहित प्राधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी,जिला पंचायत डिण्डौरी के न्यायालय द्वारा 31 अगस्त को शिवनंदन सिंह उईके को तत्काल अभिरक्षा में लेकर पकड़े जाने की तारीख से 30 दिवस की अवधि के लिए कारावास में रखने का वारंट जारी किया गया है।

कलेक्टर ने सुनीं आमजन की समस्याएं



डिंडौरी नवभारत नवभारत। जनसुनवाई में स्वास्थ्य शिविर भी जनसुनवाई के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। शिविर में जनसुनवाई में पहुंचे आवेदकों का रक्तचाप, मधुमेह सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच के साथ नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श एवं बचाव के उपायों की जानकारी भी दी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने जिलेभर से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं और शिकायतें गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनीं। ग्राम राम्हेपुर के ग्रामीणों ने वीबी जीराम जी योजना के अंतर्गत रोजगार एवं रोजगार भत्ता दिलाने की मांग रखी। कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत डिंडौरी को प्रकरण का परीक्षण कर निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम मोहगांव की आवेदिका मुलरिया बाई ने स्पॉन्सरशिप योजना के तहत पिछले 6-7 माह से बंद सहायता राशि दोबारा शुरू कराने की मांग की। मामले में संबंधित विभाग को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

किसान पंजीयन नहीं करने पर 10 पटवारियों को नोटिस

शून्य प्रगति पर एसडीएम ने दिखाई सख्ती

डिंडौरी नवभारत 1 सितंबर। किसान पंजीयन फार्मर रजिस्ट्री अभियान के अंतर्गत सौंपे गए कार्यों में न्यून प्रगति पाए जाने एवं पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतने वाले 10 पटवारियों के विरुद्ध एसडीएम डिंडौरी द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। संबंधित पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर निर्धारित समय-सीमा में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।



फार्मर रजिस्ट्री अभियान दिनांक 20 अगस्त से 15 सितंबर संचालित किया जा रहा है। इस संबंध में जारी कार्यालयीन आदेश के तहत पटवारियों को ग्राम पंचायत स्तरीय शिविरों में उपस्थित रहकर फार्मर आईडी बनाने, परिमार्जन एवं त्रुटि सुधार करने तथा शेष छूटे हुए खातेदारों को एग्रीस्टेक से जोड़ने का दायित्व सौंपा गया था। अभियान को मिशन मोड में सफल बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे।

अद्यतन दैनिक प्रगति रिपोर्ट एवं डैशबोर्ड के अवलोकन में संबंधित हल्कों में फार्मर रजिस्ट्री की बकेटिंग पूर्ण करने के कार्य में शून्य प्रगति पाई गई। इसे शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना के प्रति गंभीर लापरवाही एवं शासकीय आदेशों की अवहेलना माना गया है।इस संबंध में पटवारी पुष्पराज सिंह, विशाल बिल्लौरे, रेशु जैन, मनमोहन सिंह मसराम, अनिल परस्ते, रविराज चौहान, जितेंद्र कुमार रजक, संजय सिंह परस्ते एवं कार्तिक परधान को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

दो दिन में मांगा जबाव

नोटिस में संबंधित पटवारियों को निर्देशित किया गया है कि वे पत्र प्राप्ति के 2 दिवस के भीतर उपस्थित होकर अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें कि पदीय दायित्वों में लापरवाही एवं कार्यालयीन आदेशों की अवहेलना के कारण उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए।

समस्याओं का लिखित समाधान मिलने तक जारी रहेगा आंदोलन

डिंडौरी, शहपुरा के पटवारी कलमबंद हड़ताल पर



डिंडौरी, शहपुरा, नवभारत 1 सितंबर। जिले के पटवारियों ने अपनी विभिन्न लंबित समस्याओं और लगातार की जा रही कार्रवाई के विरोध में मंगलवार 1 सितंबर से अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल शुरू कर दी है। मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला शाखा डिंडौरी के जिलाध्यक्ष सोहन साहू के नेतृत्व में जिलेभर के पटवारियों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम डिंडौरी को ज्ञापन सौंपकर हड़ताल की सूचना दी।

इसके बाद पटवारियों ने निर्धारित धरना स्थल भगवान बिरसा मुंडा ग्राउंड में पंडाल लगाकर आंदोलन शुरू कर दिया। पटवारी संघ का आरोप है कि जिले में पटवारियों के खिलाफ लगातार वेतन रोकने, निलंबित करने, वेतनवृद्धि रोकने, परनिंदा की कार्रवाई करने, ऑनलाइन ई-अटेंडेंस लागू करने तथा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग करने सहित अनेक समस्याओं को लेकर पटवारियों में आक्रोश है। संघ का कहना है कि इन परिस्थितियों के कारण पटवारियों के बीच भय और असंतोष का वातावरण बना हुआ है। पटवारी संघ ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि महज आश्वासन से आंदोलन समाप्त नहीं किया जाएगा। जब तक पटवारियों की समस्याओं का लिखित रूप से समाधान नहीं हो जाता, तब तक जिले के पटवारी काम पर वापस नहीं लौटेंगे।

राजस्व कार्यों पर पड़ सकता है असर- पटवारियों के कलमबंद हड़ताल पर जाने से जिले में नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, भू-अभिलेख संबंधी कार्य, फसल गिरदावरी, विभिन्न राजस्व प्रकरणों में प्रतिवेदन एवं अन्य मैदानी राजस्व कार्य प्रभावित होने की संभावना है। ऐसे में हड़ताल लंबी खिंचने पर आम नागरिकों को भी राजस्व संबंधी कार्यों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

बांधवगढ़ के किले में 4 को लगेगा जन्माष्टमी मेला

दर्शनार्थियों की सुरक्षा के लिए की गई मॉक ड्रिल



नवभारत चिल्हारी 1 सितंबर। जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में जन्माष्टमी मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। 4 सितंबर को जन्माष्टमी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु ताला मुख्य गेट से प्रवेश कर लगभग 15 किमी पैदल चलकर बांधवगढ़ के किले में स्थित राम-जानकी मंदिर पहुंचते हैं। जंगल में वन्यप्राणियों की मौजूदगी और दुर्गम रास्ते को देखते हुए बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन लगभग 10 दिन पहले से ही व्यवस्थाएं करने में जुट जाता है। जन्माष्टमी के दिन श्रद्धालुओं को ताला मुख्य गेट से प्रवेश दिया जाएगा। किले में स्थित राम-जानकी मंदिर में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण की प्रतिमाएं स्थापित हैं। वर्ष में केवल एक बार जन्माष्टमी पर ही आम श्रद्धालुओं को यहां दर्शन का अवसर मिलता है।

किले तक पहुंचने का रास्ता दुर्गम है-बांधवगढ़ किले तक पहुंचने का रास्ता दुर्गम और जंगली होने के कारण यह यात्रा चुनौतीपूर्ण मानी जाती है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और मेले की व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक और सहायक संचालक ने अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ बैठक की। राजस्व, पुलिस और वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी इन व्यवस्थाओं में सहयोग कर रहे हैं।परिक्षेत्र अधिकारी राहुल किरार ने बताया कि तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

साप्ताहिक बाजार में संत रविदास की रथ यात्रा का किया स्वागत

अमरपुर नवभारत। संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य पर रथ यात्रा अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्राम मोहगांव, साम्हर, पिपरिया, बरसिंघा, बिजौरी होते हुए मंगलवार को साप्ताहिक बाजार अमरपुर पहुंची, जहां पर हरिजन समाज के साथ सर्व समाज के लोगों ने संत रविदास महाराज के रथ का स्वागत किया।

रथ यात्रा को पूरे अमरपुर साप्ताहिक बाजार में भ्रमण कराने के तत्पश्चात सांदीपनि विद्यालय अमरपुर में स्कूली छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मण्डल अध्यक्ष आकाश नामदेव ने संत शिरोमणि रविदास महाराज के जीवन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।



इनकी रही उपस्थिति-इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री राम कुमार वनवासी, रितेश उसराठे, ग्राम पंचायत सरपंच रामनाथ उद्दे, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष शुभाशुं चंद्रौल, रैदास समाज से प्रीतम नागवंशी, राजेश नागवंशी, गेंदलाल, सुमेर, राधा नागवंशी के अलावा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी शिव भजन परस्ते, छात्रावास अधीक्षक इंदल कुमार यादव, शिक्षक डोमन लाल आर्मो सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गांव-गांव अवैध रूप से बिक रही शराब

ब्लॉक मुख्यालय में भी जारी है अवैध कारोबार

अमरपुर नवभारत 1 सितंबर। एक तरफ शासन के निर्देशानुसार पुलिस विभाग द्वारा नशा मुक्त प्रदेश बनाने के लिए रैली निकालकर प्रदेश वासियों को जागरूक करने के साथ अनेकों जगह सभाएं आयोजित कर नशा मुक्ति का शपथ दिलाई जा रही हैं, वहीं दूसरी तरफ शासन द्वारा आवंटित ठेके की दुकानें तो चल ही रही हैं। अमरपुर ब्लॉक में अवैध शराब धड़ल्ले से बिक रही हैं। पुलिस चौकी मुख्यालय में ही पांच अवैध शराब केंद्र संचालित हो रहे हैं। साथ ही पूरे ब्लॉक में शासन से अधिकृत एक भी दुकान नहीं हैं। परंतु पूरे ब्लॉक के अधिकांश गांवों में आसानी से अवैध रूप से शराब उपलब्ध हो रही हैं। इसके नियंत्रण के लिए शासन ने आबकारी विभाग हैं, परंतु विभाग की निष्क्रियता के चलते गांव-गांव में शराब बिक्री रोकने में असफल होना एक बड़ी विफलता ही माना जाएगा।

शासन का अभियान दिखावा साबित हो रहा-शासन द्वारा संचालित नशे से दूरी हैं जरूरी अभियान भी दिखावा ही साबित हो रहा हैं। शासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्रता दिवस एवं अन्य विशेष मौकों पर शुष्क दिवस घोषित कर ठेके की दुकानें बंद करा दी जाती हैं। परंतु पूरे ब्लॉक भर में अवैध शराब धड़ल्ले से बिकती रहती हैं, जिसे रोकने में पूरा प्रशासन तंत्र विफल रहता हैं। इसे संबंधित विभागों की निष्क्रियता, अनदेखी या मौन स्वीकृति ही माना जा सकता हैं।

प्रशिक्षण | जैविक कृषि की आवश्यकता और वैश्विक संभावनाओं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

प्रकृति की व्यवस्था ही जैविक खेती का आधार

शहपुरा नवभारत 1 सितंबर। कृषि विशेषज्ञ बिहारी लाल साहू ने रासायनिक, जैविक एवं प्राकृतिक कृषि के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जंगल में पेड़ों को न तो कोई यूरिया देता है और न ही कीटनाशक का छिड़काव करता है। इसके बावजूद समय आने पर पेड़ फलों से लद जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति स्वयं एक संतुलित व्यवस्था के तहत कार्य करती है और इसी व्यवस्था को खेती में अपनाना ही प्राकृतिक कृषि का मूल सिद्धांत है।

शासकीय आदर्श महाविद्यालय शहपुरा डिण्डौरी में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना एवं उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में मंगलवार को 'जैविक कृषि : इसकी आवश्यकता एवं वैश्विक संभावनाएं' विषय पर एक माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य प्राचार्य पी.एस. वरकड़े, जैविक कृषि विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षक बिहारी लाल साहू, प्रकाश झारिया, भगवत सिंह धुर्वे, डॉ. नरेन्द्र सिंह ठाकुर, डॉ. वीणा शिवहरे, डॉ. सुषमा मिश्रा, डॉ. ज्योति त्रिपाठी सहित अन्य अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कु. भूमिका ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर उपस्थितजनों का मन मोह लिया।



प्राकृतिक कृषि के सिद्धांतों को समझाया

उन्होंने कहा कि जैविक एवं प्राकृतिक कृषि से जहां मानव स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है, वहीं मिट्टी की उर्वरता और कृषि भूमि की गुणवत्ता भी लंबे समय तक बनी रहती है। किसानों और युवाओं को खेती की ऐसी पद्धतियों को समझने और अपनाने की आवश्यकता है, जो पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ भविष्य के लिए टिकाऊ भी हों।

निर्धारित संख्या से दोगुने पंजीयन

कार्यक्रम के संयोजक एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. नरेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक पंजीयन कराया है। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिवार के डॉ. अजय कुमार राय, डॉ. बसंती चौहान, डॉ. कल्पना सागर, डॉ. खेमराज कनौजिया, डॉ. प्रीत नेगी, डॉ. प्रतिभा उरमलिया, डॉ. अंचल वर्मा, डॉ. राजू रैदास एवं डॉ. सी.एल. सहित अन्य शिक्षक भी जैविक कृषि की उपयोगिता, महत्व एवं संभावनाओं पर व्याख्यान देंगे।

शुभारंभ अवसर पर अभिषेक पटेल, डॉ. रश्मि चक्रवर्ती, डॉ. निहारिका सेंगर, डॉ. दीपक अग्रवाल, डॉ. परमेश कुमार साकेत, कृति जैन,आकांक्षा, डॉ. ए.के. झारिया सहित महाविद्यालय के अन्य सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

प्लास्टिक-कचरा खाने से नंदी की मौत

युवा शक्ति ने कराया विधिवत अंतिम संस्कार



डिंडौरी, नवभारत 1 सितंबर। शहर में प्लास्टिक और कचरे के खुले में फेंके जाने से बेजुबान पशुओं के जीवन पर मंडरा रहे खतरे की एक मार्मिक तस्वीर सामने आई है। प्लास्टिक, पान सामग्री और अधिक मात्रा में चावल खाने से एक नंदी की मौत हो गई। सूचना मिलने पर युवा शक्ति के सदस्यों ने मृत नंदी का विधिवत अंतिम संस्कार कराया।

युवा शक्ति के सदस्यों के अनुसार नंदी के पेट में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक पान की सामग्री सहित अन्य कचरा पाया गया, जिसके कारण उसकी हालत बिगड़ी और अंतत: उसकी मौत हो गई। अंतिम संस्कार के दौरान रोहित कांसकार, सिद्धार्थ चौहान, मोहनीश झरिया सहित युवा शक्ति के अन्य सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान नगर परिषद की ओर से मिले सहयोग के लिए युवा शक्ति ने सीएमओ सहित सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

सड़क किनारे कचरा नहीं फेंकने की अपील

युवा शक्ति ने नागरिकों से अपील की है कि घरों और दुकानों से निकलने वाले कचरे को सड़क, नाली अथवा जलस्रोतों में न फेंकें। कचरे को डस्टबिन में एकत्र कर नगर परिषद की कचरा गाड़ी को सौंपें। सदस्यों ने कहा कि खुले में फेंकी गई प्लास्टिक और पॉलिथीन अक्सर बेजुबान पशु खा लेते हैं, जो उनके लिए जानलेवा साबित हो रही है।युवा शक्ति ने नागरिकों से स्वच्छता के साथ गौ एवं पशु सम्मान की जिम्मेदारी निभाने और अपने आसपास कचरा खुले में नहीं फेंकने का संकल्प लेने की अपील की है।